Source: - राजस्थान पत्रिका

Date:- 30 अक्तूबर, 2018

Page:- 12

तस्करी कर लाया गया था

चेन्नई एयरपोर्ट पर पकड़ा 7 किलो सोना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

चेन्नई. राजस्व खुफिया एजेंसी (डीआरआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करी करके लाया गया करीब सवा दो करोड़ रुपए कीमती सोना जब्त किया है।

त्यौहारी मौसम में बढ़ती मांग के चलते देश के अलग-अलग हवाई अड्डों पर तस्करी कर लाया हुआ सोना बरामद किया जा रहा है। पिछले सप्ताह तक नई दिल्ली, सिलीगुड़ी, बेंगलूरु, चेन्नई और मदुरै हवाई अड्डों से करीब 100 किलो सोना बरामद होने के बाद रविवार को डीआरआई ने चेन्नई एयरपोर्ट पर 6.995 किलो सोना जब्त किया है।

डीआरआई ने रविवार को की गई कार्रवाई में एयरपोर्ट पर अलग-अलग विमानों से यह सोना जब्त किया है। इस मामले में अधिकारियों ने एयरपोर्ट से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है जो कि अलग-अलग विमानों से यहां पहुंचे थे। डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक बरामद सोने की कुल कीमत 2.27 करोड़ रुपए के आसपास है।

सोने को जब्त कर दोनों लोगों से पूछताछ की जा रही है। डीआरआई की चेन्नई जोनल यूनिट द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक आरोपियों ने खुलासा किया है कि उनको चेन्नई स्थित दलाल ने बागडोगरा (नेपाल सीमा) से इलेक्ट्रिकल उपकरणों में छिपाए हुए सोने के टुकड़े यहां लाने का आदेश दिया था। जांच में पता चला है कि यह सोना तस्करी कर मलेशिया से नेपाल और फिर नेपाल से सड़क के रास्ते देश की सीमा पर लाया गया। इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

Scanned by CamScanner